पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–22] रुड़की, शनिवार, दिनांक 10 अप्रैल, 2021 ई0 (चैत्र 20, 1943 शक सम्वत्) [संख्या–15

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	241–293	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	155–158	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	161–164	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह अनुभाग–2

अधिसूचना

10 मार्च, 2021 ई0

संख्या 390/XX–2/21/08(01)2020–राज्यपाल, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 01, वर्ष 2008) की धारा 87 की उपधारा (1) सपठित धारा 17 के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके तथा इस विषय के विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुये उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार विभाग की अधीनस्थ सेवा में नियुक्त निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार), आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के चयन, पदोन्नति, प्रशिक्षण, नियुक्ति, ज्येष्ठता का निर्धारण और स्थायीकरण आदि को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

"उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2021"

भाग–एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2021 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार अधीनस्थ सेवा एक ऐसी सेवा है, जिसमें पुलिस दूरसंचार विभाग के समूह–"ग" के पद सम्मिलित हैं।

परिभाषाऐं

3. जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो इस नियमावली में

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एवं उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पदों के सम्बन्ध में पुलिस उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) तथा सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) एवं आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के पदों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) अभिप्रेत है ।

(ख) "भारत का नागरिक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो भारत के संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो, या भारत का नागरिक समझा जाये;

(ग) "संविधान" से भारत के संविधान अभिप्रेत है;

(घ) "राज्यपाल" से उत्तराखण्ड राज्य के राज्यपाल अभिप्रेत है

(ड.) "सरकार" से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;

(च) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ से पूर्व प्रवृत्त इस नियमावली या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है ;

(छ) "सेवा" से उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार अधीनस्थ सेवा अभिप्रेत है;

(ज) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो, और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो;

(झ) "भर्ती का वर्ष" से किसी कलैण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है;

(ट) चयन आयोग से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अथवा तत्समय राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था अभिप्रेत है ।

भाग–दो –संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जो समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित की जाय।

(2) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक उपधारा (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न कर दिया जाये उतनी होगी जो परिशिष्ट "क" में दी गयी है:

परन्तु उपबन्ध यह है कि–

(क) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को खाली छोड़ सकेंगे अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार प्रास्थगित कर सकेंगे जिससे कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

(ख) राज्यपाल ऐसे स्थाई अथवा अस्थाई पद सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:–

(1) आरक्षी (पुलिस दूरसंचार)–

शत्–प्रतिशत पद अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर विभागीय चयन समिति द्वारा, जैसा कि नियम 22(क) मे उल्लखित है, पदोन्नति के माध्यम से उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार शाखा के **समूह "घ"** के मौलिक रूप मे नियुक्त ऐसे स्थाई कर्मचारियों से भरे जायेंगे, जिन्होंने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्राविधिक संस्थान से किसी ऐसे व्यवसाय में से समकक्ष पाठ्यक्रम प्रमाण–पत्र जो पुलिस रेडियो कर्मशाला के लिए उपयोगी हो या उसके समकक्ष कोई अन्य अर्हता रखता हो और भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप मे पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो। यह पद डांईग कैडर के हैं अर्थातः यदि आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) पद पर पदोन्नति हेतु कोई भी नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मी शेष न हो तो यह पद स्वतः समाप्त समझे जायेंगे।

(2) मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार)–

(क) 99 प्रतिशत पद उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अथवा तत्समय सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा एवं सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार भरे जायेंगे।

(ख) 01 प्रतिशत पद 'अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर' विभागीय चयन समिति, जैसा कि नियम 22 (क) में उल्लिखित है, के माध्यम से ऐसे स्थाई आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे, जिन्होनें इस नियमावली के नियम 25 (ख) (1) में आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) हेतु निर्धारित 09 माह का आधार भूत प्रशिक्षण-रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **श्रेणी–तीन** तथा बेसिक पुलिस प्रशिक्षण

पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व 06 माह का परिचालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–तीन उत्तीर्ण किया हो :

परन्तु यह कि आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) का कैडर समाप्त होने पर मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे।

(3) सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–

शत्–प्रतिशत पद 'अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर' विभागीय चयन समिति ,जैसा कि नियम 22 **(क)** में उल्लिखित है, के माध्यम से ऐसे स्थायी मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे जिन्होंने इस नियमावली के नियम 25 (ख) (2) में उल्लिखित मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) हेतु निर्धारित प्रशिक्षण–रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **श्रेणी–दो** उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा इस नियमावली **के** प्रवृत्त होने से पूर्व 04 माह का परिचालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–दो उत्तीर्ण किया हो।

(4) उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–

(1) 25 प्रतिशत पद उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अथवा तत्समय सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था के माध्यम से इस हेतु सरकार द्वारा निर्धारित प्रकिया के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे।

(2) 75 प्रतिशत पद 'अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर' विभागीय चयन समिति, जैसा कि नियम 22 **(ख)** में उल्लिखित है, के माध्यम से ऐसे स्थाई सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे, जिन्होंने इस नियमावली के नियम 25 (ख) (3) में उल्लिखित सहायक उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) हेतु निर्धारित प्रशिक्षण–रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **श्रेणी–एक** उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व 04 माह का परिचालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–एक उत्तीर्ण किया हो।

(5)निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–

शत्–प्रतिशत पद 'अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर' विभागीय चयन समिति के माध्यम से, जैसा कि नियम 22 (ग) में उल्लिखित है, ऐसे स्थायी उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से

जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे जिन्होंने इस नियमावली के नियम 25(क) (2) में उल्लिखित सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) हेतु निर्धारित आधारभूत रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा आधारभूत पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर लिया हो, अथवा नियमावली के नियम 25(ख) (4) में पदोन्नत उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) हेतु निर्धारित उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अथवा इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व सीधी भर्ती/पदोन्नति से नियुक्त रेडियो अनुरक्षण अधिकारी अथवा रेडियो केन्द्र अधिकारी द्वारा रेडियो अनुरक्षण अधिकारी अथवा रेडियो केन्द्र अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर लिया हो।

सीधी भर्ती में आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत नियमों तथा राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा ।

भाग चार–अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा मे किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत मे स्थायी रुप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 के पहले भारत आया हो, होना चाहिए, या

(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति जिसने भारत मे स्थायी रुप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, केनिया, युगाण्डा और संयुक्त गणराज्य तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) के किसी पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रवजन किया हो:

परन्तु उक्त श्रेणी (ख) या (ग) से संबंधित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो,

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) से संबंधित अभ्यर्थी के लिये भी पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा:

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उक्त श्रेणी (ग) से संबंधित है तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नही किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नही किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक अवधि के बाद उसके द्वारा भारत की नागरिकता प्राप्त करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न ही नामन्जूर किया गया हो, उसे परीक्षा या साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रुप से नियुक्त भी किया जा सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाए या उसके पक्ष मे जारी कर दिया जाय ।

शैक्षिक अर्हता

8. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताऐं रखता हो:–

(1) **मुख्य आरक्षी (पुलिस दूर संचार)–**

मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होगा, जिसने अपनी इण्टरमीडिएट परीक्षा भौतिक विज्ञान,गणित तथा अंग्रेजी विषयों के साथ उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से उत्तीर्ण की हो अथवा इसके समकक्ष अर्हता प्राप्त की हो।

अथवा

उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अथवा इसके समकक्ष संस्थान से रेडियो प्रौद्यौगिकी से सम्बन्धित इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस या इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी से डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(2) **उप निरीक्षक (पुलिस दूर संचार)–**

भारत में विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय के साथ बी.एस.सी. परीक्षा उत्तीर्ण की हो;

अथवा

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय/संस्थान से किसी विषय के साथ अभियंत्रण में स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो ।

अधिमानी अर्हता

9. अभ्यर्थी जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का बी अथवा सी प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, उसे अन्य बातें समान हाते हुए भी सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा ।

अनिवार्य/वॉछनीय अर्हता

10. उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह ग की सीधी भर्ती के लियें अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली, 2010 (समय–समय पर यथा संशोधित) में निहित उपबन्धों के अनुसार होगी।

आयु

11. सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु ,जिस वर्ष भर्ती की जानी हो, उस वर्ष की पहली जुलाई को–

(एक) मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) पद के लिए न्यूनतम अट्ठारह (18)वर्ष और अधिकतम बाईस (22) वर्ष होनी चाहिये और;

(दो) उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) पद के लिए आयु न्यूनतम बीस (21) वर्ष और अधिकतम अट्ठाईस (28) वर्ष होनी चाहिए:

परन्तु उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, निर्धारित अधिकतम आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जैसा कि सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट की जाय।

भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा सेना में की गयी कुल सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु में घटाने के उपरान्त अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी ।

होमगार्डस् के उन्ही अभ्यर्थियों को सेवा में सीधी भर्ती के पदों हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट तभी प्रदान की जायेगी जिन्होनें कम से कम तीन वर्ष की सेवा होमगार्डस् में पूरी कर ली हो । आवेदन पत्र के साथ इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा ।

(तीन) (1) राजकीय सेवाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने विभाग के नियुक्ति प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

(2) भूतपूर्व सैनिकों का पंजीकरण उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी जिले के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में होना आवश्यक है। इस हेतु भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय में कराये गये पंजीकरण कार्ड की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

शारीरिक मानक परीक्षण– 12. (क) मुख्य आरक्षी,(पुलिस दूरसंचार) के सीधी भर्ती के पद हेतु न्यूनतम शारीरिक मानक–

(1) ऊंचाई–

क्र.सं.	वर्ग	पुरुष अभ्यर्थियों हेतु (न्यूनतम)	महिला अभ्यर्थियो हेतु (न्यूनतम)
1	सामान्य/अन्य पिछडी वर्ग तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए	165.0 सें0मी0	152.0 सें0मी0
2	अनुसूचित जन–जाति के अभ्यर्थियों हेतु	157.50 सें0मी0	147.0 सें0मी0
3	पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों हेतु	160.0 सें0मी0	147.0 सें0मी0

(2) वजन (केवल महिला अभ्यर्थियों हेतु)–
न्यूनतम 45 कि0ग्रा0

(3) सीने की माप (केवल पुरूष अभ्यर्थियों हेतु)–

क्र.सं.	वर्ग	बिना फुलाये (न्यूनतम)	फुलाने पर (न्यूनतम)
1	सामान्य/अन्य पिछडे वर्ग तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए	78.8 सें0मी0	83.8सें0मी0
2	उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्र/अनुसूचित जन–जाति के अभ्यर्थियों हेतु	76.3 सें0मी0	81.3सें0मी0

नोटः सीने मे न्यूनतम 05 सें0मी0 का फुलाव आवश्यक है।

(ख) उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) की सीधी भर्ती के पदो हेतु–

(1) ऊंचाई–

क्र.सं.	वर्ग	पुरुष अभ्यर्थी (न्यूनतम)	महिला अभ्यर्थी (न्यूनतम)
1	सामान्य/अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए	167.70 सें0मी0	152.0 सें0मी0
2	अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु	160.0 सें0मी0	147.0 सें0मी0
3	पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों हेतु	162.60 सें0मी0	147.0 सें0मी0

(2) सीने की माप (केवल पुरुष अभ्यर्थियों हेतु)–

क्र.सं.	वर्ग	बिनाफुलाये (न्यूनतम)	फुलाने पर (न्यूनतम)
1	सामान्य/अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए	78.8 सें0मी0	83.8 सें0मी0
2	पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थी व अनुसूचित जन–जाति के अभ्यर्थियों हेतु	76.5 सें0मी0	81.5 सें0मी0

नोटः सीने मे न्यूनतम 05 सें0मी0 का फुलाव आवश्यक है।

(3) वजन (केवल महिला अभ्यर्थियों हेतु)

न्यूनतम 45 कि0ग्रा0

(ग) शासनादेश संख्याः 256/18–प्रा0शि0–2–88–20(एस0बी0) /82, दिनॉकः 16–01–1982 द्वारा पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया गया है:–

देहरादून जनपद की पूरी चकराता तहसील तथा राजपुर की ऊँचाई से ऊपर गंगा तथा यमुना नदियों के मध्य स्थित देहरादून तहसील के उत्तर तथा पूर्व में स्थित मसूरी पहाड़ी का क्षेत्र, नैनीताल

तथा गढवाल, कोटद्वार समेत सब माउन्टेन सडक के ऊपर का क्षेत्र, पिथौरागढ, अल्मोडा, चमोली, टिहरी गढवाल तथा उत्तरकाशी जिलों के सम्पूर्ण भाग नवसृजित जनपद बागेश्वर, रुद्रप्रयाग एवं चम्पावत का सम्पूर्ण भाग भी इससे पूर्व में क्रमशः जनपद अल्मोडा, चमोली एवं पिथौरागढ़ का भाग होने के कारण पर्वतीय क्षेत्र माना जायेगा ।

(घ) शारीरिक नाप–जोख परीक्षा केवल अर्हकारी प्रकृति की होगी और इसका श्रेष्ठता सूची पर कोई प्रभाव नहीं होगा ।

चरित्र

13. सेवा के किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये, जिससे वह सरकारी सेवा की नौकरी के लिए सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वयं समाधान करेगा।

टिप्पणी–संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के अपराध से सम्बध सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नही होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

14. सेवा के किसी पद पर ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो तथा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसका एक से अधिक जीवित पति हो नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

शारीरिक स्वस्थता

15. किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो, वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों को दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पडनें की सम्भावना हो। भर्ती के लिए शारीरिक स्तर वही होगा, जो कि पुलिस विनियमों में समतुल्य श्रेणी के पदों के लिए दिया गया है। किसी अभ्यर्थी को जो कि पहले से स्थायी सरकारी सेवा में नहीं है, सेवा में नियुक्ति के लिए अन्तिम रुप से अनुमोदित किए जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायगी कि वह पुलिस विनियमों की अपेक्षानुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे। किसी अभ्यर्थी से नियुक्ति के लिए अन्तिम रुप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व यह अपेक्षा की जायेगी कि वह चिकित्सा बोर्ड के परीक्षण में सफल हो ।

टिप्पणीः– चिकित्सा बोर्ड अभ्यर्थी की यथास्थिति ऊँचाई, उसके सीने और भार के माप के लिए विहित शारीरिक मानक का परीक्षण करेगा और नॉक–नी, बो–लेग्स , फ्लेट–फीट, वेरीकोज

वेन्स, दूर तथा निकट दृष्टि, कलर ब्लाइंडनेस (पूर्ण एवं आंशिक), रीनेज परीक्षण, वेब्बर्स परीक्षण को समाविष्ट करते हुए श्रवण शक्ति परीक्षण की जांच की जायेगी एवं अभ्यर्थियों का वर्टिगो, वाक दोष आदि परीक्षण, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाये, किया जायेगा। यदि आवश्यक हो तो चिकित्सा विशेषज्ञों की राय प्राप्त करके अन्य परीक्षण भी करा सकता है। अभ्यर्थियों कि परीक्षा चिकित्सा मैनुअल, यदि कोई हो, के अनुसार की जायेगी और चिकित्सा परीक्षा के दिन ही परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

1. राजकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की एक ऑख 6/6 और बॉये ऑख में 6/9 से कम दृष्टि नहीं होनी चाहिए। अतः बिना चश्मे के दाहिने हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियो के लिए दॉयी ऑख 6/6 और बॉये हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियो की बॉयी ऑख 6/6 होनी चाहिए और वर्णांधता/भैंगापन से पूर्णरुप से मुक्त होना चाहिए ;

2. अभ्यर्थी का सटा घुटना, सपाट पैर, बो–लैग, वेरिकोस वैन, हकलाना, विकलॉगता और अन्य विकृतियां व अन्य समस्यायें जो पुलिस अधिकारी की ड्यूटी मे किसी प्रकार की बाधा पैदा करे, को अयोग्य माना जायेगा। उक्त सम्बन्ध मे चिकित्सा परिषद द्वारा निर्धारित प्रतिवेदन मे अभ्यर्थी के उपयुक्त होने का प्रमाण दिये जाने पर अभ्यर्थी को अन्तिम रुप से उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार अधीनस्थ सेवा मे नियुक्ति प्रदान की जायेगी;

3. कोई अभ्यर्थी जो अपने चिकित्सा परीक्षा से असंतुष्ट हो, ठीक परीक्षा के दिन ही अपील फाईल कर सकता है। चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में किसी अपील पर विचार नहीं किया जायेगा, यदि अभ्यर्थी अपने चिकित्सा परीक्षा और उसके परिणाम की घोषणा के दिन अपील करने मे विफल रहा है। अपील का निस्तारण उक्त प्रयोजन के लिए गठित मण्डलीय चिकित्सा परिषद द्वारा अपील फाईल किये जाने के दो सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। मण्डलीय चिकित्सा परिषद मे संबन्धित दोष का विशेषज्ञ चिकित्सक होना अनिवार्य है;

4. चिकित्सा परीक्षा केवल अर्हकारी प्रकृति की होगी और अंतिम योग्यता सूची पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

भाग–पॉच–भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों की अवधारणा

16. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और सेवा नियोजन कार्यालय को सूचित करेगा।

विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया

17. (क) (1) विभागाध्यक्ष वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण नीति एवं भर्ती के समय प्रवृत नियमों तथा सरकार के आदेशों के अनुसार भर्ती हेतु अधियाचन उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या इस हेतु राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर प्राधिकृत संस्था को प्रेषित करेगा।

(2) चयन आयोग या तत्समय सरकार द्वारा इस हेतु प्राधिकृत संस्था सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी करेगा ।

(3) चयन आयोग या तत्समय सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था अभ्यर्थियों की शारीरिक नाप–जोख परीक्षा इस नियमावली के नियम 12 में निर्धारित माप–दण्डों के आधार पर आयोजित करेगा ।

(4) आयोग शारीरिक नाप–जोख परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित करेगा। आयोग सम्बन्धित पद की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के पाठ्यक्रम के अनुसार 100 अंको का वस्तुनिष्ठ प्रकृति का एक प्रश्न–पत्र तैयार करेगा, जिसमें निम्नलिखित विषय सम्मिलित होंगे। लिखित परीक्षा 02 घन्टे की होगी:–

क्र0सं0	विषय
1	सामान्य हिन्दी
2	विज्ञान
3	संख्यात्मक एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा
4	मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा

टिप्पणी:–परीक्षा के लिए विस्तृत पाठ्यक्रम इस हेतु उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या तत्समय राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था, यथास्थिति, द्वारा तैयार किया जायेगा। लिखित परीक्षा नियम 17 (क) के उपनियम (4) में उल्लिखित विषयों हेतु एक वस्तुनिष्ठ (Objective type) प्रकृति की होगी। प्रश्न पत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक प्रदान किया जायेगा।

लिखित परीक्षा में अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही उन्हें मैरिट सूची में सम्मिलित किया जायेगा ।

(ख) चयन तथा अन्तिम योग्यता सूचीः–

लिखित परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों में से उनके द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर आरक्षण नीति के दृष्टिगत चयन आयोग अथवा प्राधिकृत संस्था द्वारा रिक्तियों के सापेक्ष अन्तिम प्रवीणता सूची तैयार की जायेगी। यदि लिखित परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों ने बराबर अंक प्राप्त किये हों तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

यदि उपर्युक्त के बावजूद भी एक से अधिक अभ्यर्थी समान हों, तो ऐसे अभ्यर्थियों की वरीयता दी जायेगी जिन्होंने इस नियमावली के नियम 9 में निर्धारित अधिमानी अर्हता प्राप्त की हो । यदि इसके बाबजूद भी एक से अधिक अभ्यर्थी समान हों, तो उनके नाम के अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के अनुसार उनका नाम चयन सूची मे ऊपर रखा जायेगा। उपरोक्तानुसार तैयार की गयी प्रवीणता सूची को चयन आयोग अथवा इस हेतु प्राधिकृत संस्था अपनी संस्तुति सहित चिकित्सा परीक्षण/चरित्र सत्यापन हेतु विभागाध्यक्ष को प्रेषित करेगा।

चयन आयोग अथवा इस हेतु प्राधिकृत संस्था द्वारा कोई प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की जायेगी ।

विभागाध्यक्ष चयन आयोग अथवा तत्समय सरकार द्वारा इस हेतु प्राधिकृत संस्था द्वारा प्रेषित सूची को अनुमोदनोपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा ।

तैयार की गई अन्तिम सूची में उल्लिखित अभ्यर्थियों को सक्षम चिकित्सा परिषद द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । नियुक्ति प्राधिकारी सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा परीक्षा कराये जाने हेतु चिकित्सा परिषद् गठित करने का अनुरोध करेगा। चिकित्सा परिषद द्वारा अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण सुसंगत चिकित्सा मैनुअल के तहत किया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो चिकित्सा परिषद् द्वारा स्वस्थ घोषित किये जायेंगे, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

नियुक्ति पत्र जारी किये जाने से पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन का कार्य पूर्ण कराया जायेगा । सामान्यतः चरित्र सत्यापन एक माह के भीतर पूर्ण करा लिया जायेगा। किसी अभ्यर्थी के चरित्र सत्यापन के दौरान कोई प्रतिकूल तथ्य सामने आने पर उसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुपयुक्त घोषित किया जायेगा और ऐसी रिक्तियों को अग्रेत्तर चयन के लिए आगे ले जाया जायेगा।

चरित्र सत्यापन में उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्राधिकारी नियुक्ति आदेश जारी कर उन्हें निर्धारित प्रशिक्षण पाठयक्रम हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में भेजेगा।

शपथ–पत्र

18. अन्तिम रुप से चयन के उपरान्त चिकित्सीय परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारुप में एक नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि, "मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मामला/क्रिमिनल केस भारत वर्ष में कहीं भी पंजीकृत नहीं हुआ है, और मैं ऐसे किसी आपराधिक मामले में

वांछित/सजायाफ्ता नहीं हूँ तथा मेरे विरुद्ध कोई अभियोग विवेचनाधीन/विचाराधीन नहीं है। मै एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में अंकित की गई सभी सूचनायें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्ण एवं सत्य हैं। मेरे आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये सभी शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र सही हैं तथा किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है। यदि आवेदन–पत्र में मेरे द्वारा अंकित कोई तथ्य/शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र गलत/असत्य पाये जाते हैं तो मेरा अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा तथा भर्ती के लिये मेरे सारे दावे समाप्त हो जायेंगे, तथा विभाग मेरे विरुद्ध विधिक प्राविधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा जिसके सम्बन्ध में मैरे द्वारा किसी भी न्यायालय में कोई वाद योजित नहीं किया जायेगा।''

बन्ध–पत्र

19. अन्तिम रुप से चिकित्सीय परीक्षण में सफल/चयनित अभ्यर्थियों से इस आशय का बन्ध पत्र लिया जायेगा कि वे प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि से 05 वर्ष तक सेवा में बने रहेंगे। यदि उनके द्वारा 05 वर्ष से पूर्व त्याग पत्र दिया जाता है अथवा उनके अनुरोध पर किसी दूसरी सेवा हेतु कार्यमुक्त किया जाता है तो नियमानुसार उनके प्रशिक्षण में व्यय धनराशि एवं प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें भुगतान किये गये स्टाईपेण्ड/वेतन की समस्त धनराशि का भुगतान पुलिस दूरसंचार विभाग को करना होगा।

सेवाकाल के दौरान वार्षिक स्वास्थ्य निरीक्षण

20. विभाग में नियुक्त आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) एवं मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के पदों पर नियुक्त समस्त कार्मिकों को पुलिस रेगुलेशन की प्रस्तर 387 में निहित प्रावधानों के तहत प्रत्येक कलैण्डर वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से अपना चिकित्सीय निरीक्षण (Medical Inspection) जिला चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी से कराना आवश्यक होगा। इस निरीक्षण के लिए प्रत्येक कार्मिक को अपने साथ अपने चिकित्सीय इतिहास पत्र (Medical History- sheet) ले जाना होगा। चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य निरीक्षण सुसंगत नियमों के अनुसार किया जायेगा ।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

21. (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती **'अनुपयुक्त** को अस्वीकार करते हुये **ज्येष्ठता के आधार पर'** नियम 22 के उप नियम (क), (ख) एवं (ग) के अधीन विभिन्न पदों हेतु गठित अलग–अलग विभागीय चयन समिति के माध्यम से राज्याधीन सेवाओं में विभिन्न पदों पर चयन हेतु अपनायी जाने वाली प्रक्रिया सम्बन्धी उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या:1801/कार्मिक–2/2002,दिनांक 23–06–2003 राज्यधीन सेवाओं में विभिन्न पदों पर चयन हेतु अपनायी जाने वाली प्रक्रिया में उल्लिखित प्रकिया के अनुसार की जायेगी।

परन्तु यह कि जहां विद्यमान नियमों से पदोन्नत किये जाने वाले कर्मियों की पदोन्नति के सम्बन्ध में विचारण करने में कोई कठिनाई

उत्पन्न हो, ऐसी दशा में उत्तराखण्ड (लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर) राज्याधीन सेवाओं में पदोन्नति के लिए चयन प्रक्रिया नियमावली, 2013 (समय–समय पर यथा संशोधित) अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुपयुक्तों को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के मापदण्ड के आधार पर होने वाले चयनों के लिए पात्रता सूची शासनादेश संख्याः 1801/कार्मिक–2/2002 दिनांक 23–06–2003 राज्यधीन सेवाओं में विभिन्न पदों पर चयन हेतु अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के प्रस्तर 3(क) में उल्लिखित प्रकिया के अनुसार गुणानुक्रम के आधार पर ज्येष्ठता क्रम में पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी और उनकी चरित्र पंजिका तथा उनसे सम्बन्धित अन्य ऐसे अभिलेखों के साथ चयन समिति के समक्ष रखी जायेगी, जो उचित समझे जायें। अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर की जाने वाली पदोन्नति में उत्तराखण्ड (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता–सूची नियमावली, 2003 के नियम 8 के उपबन्धों के अधीन बनायी गयी पात्रता सूची में सम्मिलित कार्मिकों के नामों पर विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा उनकी ज्येष्ठता क्रम के अनुसार अवरोही क्रम में विचार किया जायेगा। पदोन्नति हेतु ऐसे कार्मिक पात्र होंगे जिनका विगत 05 वर्षो का सेवा अभिलेख संतोषजनक हो अर्थात कोई प्रतिकूल वार्षिक मन्तव्य अंकित ना हो।

पात्रता सूची की तैयारी हेतु निर्विवाद अन्तिम ज्येष्ठता सूची का प्रयोग किया जायेगा।

पात्रता सूची में उन कार्मिकों के नाम ही शामिल किये जायेंगे जो संबंधित चयन वर्ष (अर्थात उस चयन वर्ष, जिसकी रिक्तियों के लिये चयन प्रस्तावित है) की प्रथम जुलाई को, तत्समय प्रभावी नियमों के अनुसार, पात्रता की समस्त निर्धारित शर्तें (यथा स्थायीकरण, पोषक पद पर अर्हकारी सेवा, विभाग में निर्धारित अर्हकारी सेवा आदि, जो भी संबंधित सेवा नियमावली में निर्धारित हो) पूर्ण करते हों व सेवारत हों। यदि कोई कार्मिक चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को पात्रता की शर्तें पूरी करता हो, परन्तु विलम्ब से चयन सम्पन्न होनें के कारण, चयन के दिनांक को वह सेवानिवृत्त हो गया हो अथवा उसकी मृत्यु हो गयी हो, तब भी उसका नाम यथास्थान पात्रता सूची में रखा जाय। परन्तु यदि कोई कार्मिक संबंधित चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को उपरोक्तानुसार पात्रता की शर्तें पूरी न करता हो परन्तु विलम्ब से होने वाले चयनों में चयन समिति की बैठक आयोजित होने के दिनांक को अर्हताएं पूरी कर चुका हो तो ऐसे कार्मिक को पात्रता सूची में शामिल नहीं किया जायेगा क्योंकि नियमानुसार संबंधित चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को ही पात्रता धारण करना आवश्यक होता है ।

(क) उपर्युक्त प्रक्रिया अनुसार उपयुक्त कार्मिकों के चयन हेतु सम्बन्धित कार्मिकों की, प्रोन्नति के पद के नीचे के पदों पर कार्य करने की अवधि की अद्यतन 05 वर्षो की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियॉ देखी जायेंगी।

(ख) यदि उपनियम(क) के अनुसार विगत 05 वर्ष में किसी कार्मिक की सत्यनिष्ठा संदिग्ध हो अथवा सत्यनिष्ठा रोकी गई हो तो ऐसे कार्मिक को

पदोन्नति हेतु उपयुक्त नहीं समझा जायेगा,। किन्तु विभागीय पदोन्नति चयन समिति की बैठक की तिथि तक यदि किसी कार्मिक को कोई दीर्घ दण्ड अथवा लघु दण्ड, जिनका उल्लेख उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड और अपील)नियमावली,1991 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) के नियम–4(क) व 4(ख) में अंकित किये गये हैं, प्राप्त होते हैं तो ऐसे दण्डों का प्रभाव क्रमशः दीर्घ दण्ड की दशा में दण्डादेश की तिथि से 03 वर्ष तक तथा लघु दण्ड की दशा में दण्ड का प्रभाव 01 वर्ष तक प्रभावी रहेगा।

(ग) उपर्युक्त के अनुसार की जाने वाली पदोन्नति में कार्मिक केवल अपनी ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नत करनें का दावा नहीं कर सकता । उपरोक्त मानदण्ड के अनुसार यदि कार्मिक पदोन्नति हेतु अनुपयुक्त घोषित होता है तो चयन समिति उससे कनिष्ठ कार्मिक को पदोन्नति हेतु विचार करके संस्तुत कर सकती है ।

(घ) दंडित कर्मी द्वारा की गई अपील लम्बित हो अथवा अपील करने की अवधि व्यतीत न हुई हो, अथवा किसी कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही लम्बित हो तथा अभियोग न्यायालय में पंजीकृत/विचाराधीन हो तो ऐसे कार्मिक को भी उक्त पदोन्नति हेतु सशर्त सम्मिलित किया जायेगा, लेकिन पदोन्नति प्रक्रिया के मध्य ऐसे कर्मी की अपील निरस्त/अस्वीकृत हो जाती है अथवा विभागीय कार्यवाई/अभियोग में दण्डित किया जाता है तो संबंधित कर्मी को उसी स्तर पर पदोन्नति प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा। यदि ऐसे अभ्यर्थी की अपील/विभागीय कार्यवाई/अभियोग पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान निस्तारित न हो पाये तो लम्बित अपील/विभागीय कार्यवाई/अभियोग के निर्णय की प्रत्याशा में अन्य अभिलेखों के आधार पर उनके संबंध में विचार किया जायेगा तथा उनके संबंध में संस्तुतियॉ मुहरबन्द लिफाफे में रखी जायेगी। जॉच/विभागीय कार्यवाई समाप्त होने या अभियोग में अंतिम निर्णय होनें के पश्चात ही निर्णय के सादृश्य संबंधित कर्मी का मुहरबन्द लिफाफा खोला जायेगा ।

(3) चयन समिति द्वारा उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामले में विचार किया जायेगा और, यदि वह आवश्यक समझे, तो उसके द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जा सकता है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता के आधार पर सूची तैयार कर उसे नियुक्ति प्राधिकारी को प्रेषित करेगी।

विभागीय चयन समिति का गठन

22. विभिन्न श्रेणियों के पदों पर पदोन्नति के प्रयोजनार्थ विभागाध्यक्ष द्वारा एक विभागीय चयन समिति का गठन निम्नलिखित प्रकार से किया जायेगा–

(क) आरक्षी (पुलिस दूरसंचार), मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) सहायक उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) पद के लिए –

(एक) पुलिस महानिदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट पुलिस अधीक्षक–अध्यक्ष

(दो) पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–सदस्य

(तीन) पुलिस उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) या अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा नाम निर्दिष्ट पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–सदस्य

(ख) <u>उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद के लिए –</u>

(एक) पुलिस उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–अध्यक्ष

(दो) पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–सदस्य

(तीन) पुलिस महानिदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट–एक ज्येष्ठ पुलिस अधिकारी जो पुलिस अधीक्षक से निम्न पद का न हो–सदस्य

(ग) <u>निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद के लिए</u> –

(एक) पुलिस महानिदेशक द्वारा नाम निर्दिष्ट पुलिस महानिरीक्षक–अध्यक्ष

(दो) पुलिस उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)–सदस्य

(तीन) पुलिस अधीक्षक, (पुलिस दूरसंचार)–सदस्य

नोटः– उक्त विभागीय चयन समिति में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी होना अनिवार्य होगा ।

संयुक्त चयन सूची

23. यदि किसी वर्ष नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनो ही प्रकार से की जाती है, तो संगत सूचियों से नाम लेकर एक संयुक्त चयन सूची इस प्रकार तैयार की जायेगी जिसमें विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा–

दृष्टान्त–

(1) मान लीजिए यदि किसी वर्ष विशेष में सेवा में नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से 75 और 25 के अनुपात में की जाती है और रिक्तियॉ 20 हैं तो ऐसी स्थिति में 15 रिक्तियों सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों और 5 रिक्तियॉ पदोन्नति द्वारा भरी जायेंगी। चयन के पश्चात् संयुक्त सूची निम्न चक्रीय क्रम में तैयार की जायेगीः–

1– पदोन्नति
2– सीधी भर्ती
3– सीधी भर्ती
4– सीधी भर्ती
5– पदोन्नति
6– सीधी भर्ती
7– सीधी भर्ती
11– सीधी भर्ती
12– सीधी भर्ती
13– पदोन्नति
14– सीधी भर्ती
15– सीधी भर्ती
16– सीधी भर्ती
17– पदोन्नति

8– सीधी भर्ती
9– पदोन्नति
10– सीधी भर्ती
18– सीधी भर्ती
19– सीधी भर्ती
20– सीधी भर्ती

दृष्टान्त

(2) यदि उपरोक्त प्रकरण में किसी वर्ष(X) में भर्ती विहित कोटा के अनुसार न करके 8 व्यक्ति पदोन्नति द्वारा और 12 व्यक्ति सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किये जाते हैं और तत्समय प्रवृत्त संगत आदेश किसी भी स्रोत से रिक्तियां भरने की अनुमति नही दते हैं तो सीधी भर्ती के कोटे की पूर्ति अगले वर्ष(Y) में, 20 रिक्तियों में से 18 सीधी भर्ती से और 02 पदोन्नति द्वारा भर्ती से की जायेगी:–

X और Y वर्षों में संयुक्त सूची निम्नलिखित चक्रीय क्रम में तैयार की जायेगी

वर्ष(X)	वर्ष(Y)
1– सीधी भर्ती	1– सीधी भर्ती रिक्ति से भरी नही गई
2– सीधी भर्ती	2– सीधी भर्ती के कोटे की
3– सीधी भर्ती	3– सीधी भर्ती वर्ष(X)
4– सीधी भर्ती	4– पदोन्नति वर्ष(X) की अतिरिक्त भर्ती
5– पदोन्नति	5– सीधी भर्ती
6– सीधी भर्ती	6– सीधी भर्ती
7– सीधी भर्ती	7– सीधी भर्ती
8– सीधी भर्ती	8– पदोन्नति वर्ष(X) की अतिरिक्त भर्ती
9– पदोन्नति	9– सीधी भर्ती
10– सीधी भर्ती	10– सीधी भर्ती
11– सीधी भर्ती	11– सीधी भर्ती
12– सीधी भर्ती	12– पदोन्नति वर्ष(X) की अति0 भर्ती
13– पदोन्नति	13– सीधी भर्ती
14– सीधी भर्ती	14– सीधी भर्ती
15– सीधी भर्ती	15– सीधी भर्ती
16– सीधी भर्ती	16– पदोन्नति
17– पदोन्नति	17– सीधी भर्ती
	18– सीधी भर्ती
	19– सीधी भर्ती
	20–पदोन्नति

(3) यदि उदाहरण (2) में उल्लिखित प्रकरण में नियमों में या जहां कोई नियम नही है, तत्समय प्रवृत्त संगत आदेशों में विनिर्दिष्ट आकस्मिकता में खाली पदों को अन्य स्रोतों से भरे जाने का प्राविधान और खाली 03 पद

इस प्रकार पदोन्नति द्वारा भरे जाते हैं, तो संयुक्त सूची निम्नलिखित चक्रीय क्रम में होगी:–

1– पदोन्नति
2– सीधी भर्ती
3– सीधी भर्ती
4– सीधी भर्ती
5– पदोन्नति
6– सीधी भर्ती
7– सीधी भर्ती
8– सीधी भर्ती
9– पदोन्नति
10– सीधी भर्ती
11– सीधी भर्ती
12– सीधी भर्ती
13– सीधी भर्ती
14– सीधी भर्ती
15– सीधी भर्ती
16– सीधी भर्ती
17– पदोन्नति
18– पदोन्नति
19– पदोन्नति
20– पदोन्नति

भाग–6

नियुक्ति, प्रशिक्षण, परिवीक्षा, स्थायीकरण एवं ज्येष्ठता–

नियुक्ति

24. (1) उपनियम (2) के अध्यधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उस क्रम में करेगा जिसमें उनके नाम नियम 17, 21, अथवा 23, यथास्थिति, के अधीन बनायी गयी सूचियों में हों।

(2) यदि किसी वर्ष नियुक्तियॉ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी है तो नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न किया गया हो और नियम 23 के अनुसार संयुक्त सूचियॉ तैयार न की गई हो।

(3) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति का आदेश जारी किया जाता है तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित व्यक्तियों के नाम का उल्लेख चयन में अवधारित उनकी ज्येष्ठताक्रम के आधार पर या उस क्रम में, यथास्थिति, जिस क्रम में उनका नाम उस संवर्ग में है, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है, किया जायेगा । यदि नियुक्तियॉ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती हैं तो नाम नियम 23 में निर्दिष्ट चक्रीय क्रम में क्रमांकित किये जायेंगे ।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूची से अस्थायी या स्थानापन्न रूप में भी नियुक्तियां कर सकता है। यदि सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह ऐसी रिक्ति में इस नियमावली के अधीन पात्र व्यक्तियों में से नियुक्तियां कर सकता है। ऐसी नियुक्तियॉ एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिये या इस नियमावली के अधीन अगले चयन किये जाने तक के लिए, इनमें से जो भी पहले हो, की जायेगी।

प्रशिक्षण

25. (क) <u>सेवा में सीधी भर्ती से नियुक्त कार्मिकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

(1) सीधी भर्ती किये गये शिक्षु मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को नौ मास की अवधि के लिए रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–तीन तथा बेसिक पुलिस प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना होगा। तदोपरान्त सीधी भर्ती किये गये शिक्षु मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को पुलिस दूरसंचार शाखा के पुलिस दूरसंचार केन्द्रो/अनुभागो में छः मास की अवधि का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

(2) सीधी भर्ती किये गये उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को आठ मास की अवधि के लिए रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण सम्बन्धी आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र में प्राप्त करना होगा। आठ मास के प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के पश्चात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मे चार मास का आधारभूत पुलिस प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करनी अनिवार्य होगी। तत्पश्चात उनको पुलिस दूरसंचार शाखा के पुलिस दूरसंचार केन्द्रों/अनुभागो मे छः मास की अवधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

(3) सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त उप निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एवं मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) कैडिट यदि आधारभूत प्रशिक्षण में असफल होते हैं तो उनको पूरक प्रशिक्षण कराकर पुनः प्रशिक्षण की परीक्षा का आयोजन विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। पूरक परीक्षा में असफल पाये गये अभ्यर्थियों की सेवायें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

(ख) सेवा में किसी पद पर पदोन्नति हेतु वही कार्मिक पात्र होंगे जिसके द्वारा सम्बन्धित पद हेतु निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो:–

(1) आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति हेतु आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को नौ मास की अवधि के लिए रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–तीन तथा बेसिक पुलिस प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने के पश्चात् आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को पुलिस दूरसंचार शाखा के पुलिस दूरसंचार केन्द्रों/अनुभागो मे छः मास की अवधि का व्यवहारिक प्रशिक्षण करना होगा।

मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु ऐसे आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) भी पात्र होंगे जिन्होंने इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व छः माह का परिचालक परीक्षा श्रेणी–तीन उत्तीर्ण की है ।

(2) मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) से सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को छः मास का रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठयक्रम श्रेणी–दो

उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु ऐसे मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) भी पात्र होंगे जिन्होंने इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व चार मास का परिचालन पाठयक्रम श्रेणी–दो उत्तीर्ण किया हो।

(3) सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) से उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को चार माह का रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी–एक उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु ऐसे सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) भी पात्र होंगे जिन्होंने इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व चार मास का परिचालन पाठयक्रम श्रेणी–एक उत्तीर्ण किया हो।

(4) पदोन्नति उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) से निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु पदोन्नत उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को चार मास का उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। सीधी भर्ती के उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ,जिन्होंने आठ मास की अवधि का रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण सम्बन्धी आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के पश्चात् पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में चार मास का आधारभूत पुलिस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया हो, भी निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र होंगे। ऐसे उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसचांर) भी पात्र होंगे जिन्होंने इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व रेडियो केन्द्र अधिकारी प्रशिक्षण अथवा रेडियो अनुरक्षण अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण किया हो।

(5) पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) की सहमति से साइफर कार्यो हेतु नामित निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) /उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)/सहायक उपनिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)/मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को समन्वय निदेशालय, पुलिस वायरलेस, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र मे पुलिस बेसिक साइफर कोर्स, साइफर कोर्स ग्रेड–2 एवं साइफर कोर्स ग्रेड–1 हेतु भेजा जायेगा।

(6) विभागाध्यक्ष समय–समय पर विभाग की आवश्यकताओं के अनुरुप प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पुनः निर्धारित कर सकेंगे ।

परिवीक्षा

26. (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को 02 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायगा ।

